दैनिक भास्कर

जींद भास्कर 14-02-2026

सीआरएसयू में एक दिवसीय बहु-विषयक सम्मेलन का आयोजन

# युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति व भविष्य की आधारशिला होते हैं : वीसी

भास्कर न्यूज़ | जींद

सीआरएसयू में एनएसएस सेल द्वारा एक दिवसीय बहु-विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन यूथ एट रिस्क : डोपिंग एंड ड्रग एब्यूज का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य युवाओं में बढ़ती डोपिंग एवं नशे की प्रवृत्ति के दुष्प्रभावों पर गहन विचार-विमर्श करते हुए ठोस समाधान तलाशना है।



जींद. सीआरएसयू में मौजूद वीसी व अन्य प्राध्यापक।

विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. डॉ. राम पाल सैनी ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति और भविष्य की आधारशिला होते हैं। यदि युवा वर्ग नशे और डोपिंग जैसी कुप्रथाओं की चपेट में आ जाता है तो यह न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि राष्ट्र की प्रगति को भी बाधित करता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के माध्यम से विश्वविद्यालय न केवल अकादमिक विमर्श को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज के ज्वलंत मुद्दों पर सार्थक पहल भी करता है।

दैनिक जागरण

DATE-14.02.2026

# युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति व भविष्य की आधारशिला : कुलपति



27 फरवरी को होने वाले एक दिवसीय वहु-विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के वारे में जानकारी देते कुपलति प्रो. रामपाल सैनी ● सौजन्य सीआरएसयू

**जागरण संवाददाता ● जींद :** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय की तरफ से 27 फरवरी को एक दिवसीय बहु-विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कुलपति प्रो. रामपाल सैनी ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति और भविष्य की आधारशिला होते हैं। यदि युवा वर्ग नशे और डोपिंग जैसी कुप्रथाओं की चपेट में आ जाता है तो यह न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि राष्ट्र की प्रगति को भी बाधित करता है।

उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों की जिम्मेदारी केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नैतिक मूल्यों, अनुशासन, स्वस्थ जीवनशैली और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना भी है। ऐसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के माध्यम से विश्वविद्यालय न केवल अकादमिक विमर्श को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज के ज्वलंत मुद्दों पर सार्थक पहल भी करता है।

उन्होंने कहा कि डोपिंग और नशा खेल भावना, स्वास्थ्य और नैतिकता के विरुद्ध है। युवाओं को जागरूक, सशक्त और रजिस्ट्रार डा. राजेश बंसल ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में कुछ युवा त्वरित सफलता पाने की लालसा में गलत रास्ता चुन लेते हैं, जो उनके भविष्य को अंधकारमय बना देता है। इस अवसर पर डा. नवीन लडवाल, डा. जगपाल मान, डा. देवेंद्र, डा. राकेश सिंहमार व डा. कविता मौजूद रहे।

पंजाब केसरी
SAT,14 FEBRUARY 2026
EDITION: JIND KESARI, PAGE NO. 2

# सी.आर.एस.यू. में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 27 को



कार्यक्रम बारे जानकारी देते वी.सी.।

जींद, 13 फरवरी (ललित): चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय के एन.एस.एस. सैल द्वारा 27 फरवरी को एक दिवसीय बहु-विषयक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन युवा खतरे में डोपिंग और नशीली दवाओं का दुरुपयोग का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य युवाओं में बढ़ती डोपिंग एवं नशे की प्रवृत्ति के दुष्प्रभावों पर गहन विचार-विमर्श करते हुए ठोस समाधान तलाशना है।

विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) रामपाल सैनी ने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति और भविष्य की आधारशिला होते हैं। ऐसे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों के माध्यम से विश्वविद्यालय न केवल एकैडमिक विमर्श को बढ़ावा देता है, बल्कि समाज के ज्वलंत मुद्दों पर सार्थक पहल भी करता है। कुलगुरु ने कहा कि डोपिंग और नशा खेल भावना, स्वास्थ्य और नैतिकता के विरुद्ध है।

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजेश बंसल ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में कुछ युवा त्वरित सफलता पाने की लालसा में गलत रास्ता चुन लेते हैं, जो उनके भविष्य को अंधकारमय बना देता है। डॉ. बंसल ने विश्वास व्यक्त किया कि यह सम्मेलन युवाओं को सही मार्गदर्शन प्रदान करेगा और समाज में नशामुक्त वातावरण के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सम्मेलन के संयोजक सह आयोजन सचिव डॉ. नवीन लडवाल (एन.एस.एस. कार्यक्रम समन्वयक) ने बताया कि इस सम्मेलन में देश-विदेश के विद्वान, शोधार्थी एवं विशेषज्ञ अपने शोध पत्र एवं विचार प्रस्तुत करेंगे। संयुक्त आयोजन सचिव डॉ. जगपाल मान तथा सम्मेलन समन्वयक डॉ. देवेंद्र यादव, डॉ. राकेश सिहमर एवं डॉ. कविता इस आयोजन को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com
Rohtak Jind - 14 Feb 2026

# विवि में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 27 को

जींद। चौधरी रणबीर सिंह विवि के एनएसएस सेल द्वारा 27 फरवरी को एक दिवसीय बहु विषयक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन युवा खतरे में डोपिंग और नशीली दवाओं का दुरुपयोग का आयोजन किया जाएगा।